प्रेषक,

श्रीमती पूर्णिमा पाठक,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट सं0–10, सीतापुर।

सेवा में,

निबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा– माननीय जनपद न्यायाधीश,
सीतापुर।

विषय– प्रत्यावेदन बाबत वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि वर्ष 2019–2020 माननीय जनपद न्यायाधीश महोदया एटा द्वारा अंकित।

महोदय,

ससम्मान निवेदन करना है कि वर्ष 2019–2020 के सम्बन्ध में प्रार्थिनी की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि माननीय जनपद न्यायाधीश महोदया एटा, श्रीमती रेनू अग्रवाल के द्वारा दिनांक 15.12.2020 को अंकित हुई, जिसकी सूचना प्रार्थिनी को प्राप्त होने के उपरान्त तथा Pandemic Covid–19 से न्यायालय कार्य प्रभावित होने के कारण आज यह प्रत्यावेदन वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि वर्ष 2019–2020 के विरूद्ध प्रार्थिनी द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है, जो कि निम्नवत हैः–

1. माननीय महोदय को सम्मान पूर्वक अवगत कराना है कि माननीय जनपद न्यायाधीश महोदया एटा द्वारा बिन्दु सं0 **01** (e) (iv). पर Progress and disposal of execution cases:- Nil अंकित किया गया है, जबकि उपरोक्त वर्ष में प्रार्थिनी के न्यायालय में मात्र दो इजराय वाद लम्बित थे, जिसमें से प्रार्थिनी द्वारा एक इजराय वाद का निस्तारण भी किया गया है जो कि (संलग्न प्रारूप Ist–(B)की हेडिंग Reg.Ex.(F)में पूर्व से दर्शित भी है)

2. माननीय महोदय को सम्मान पूर्वक अवगत कराना है कि माननीय जनपद न्यायाधीश महोदया एटा द्वारा बिन्दु सं0 **01** (e) (vii). Performance with regard to decision of Motor Accident claims related to death/ injury. पर 01 Compromise case अंकित किया गया है, जबकि प्रार्थिनी द्वारा उपरोक्त वर्ष में 02 MACT वाद Compromise के आधार पर निस्तारित किये गये हैं जो कि (संलग्न प्रारूप Ist–B की हेडिंग MACT (s) में पूर्व से दर्शित भी है)

3. माननीय महोदय को सम्मान पूर्वक यह भी अवगत कराना है कि माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय एटा द्वारा बिन्दु सं0 **01** (g) (i). Number of cases decided after actual full contest पर 5 cases अंकित किया गया है, जबकि प्रार्थिनी द्वारा उपरोक्त वर्ष में कुल 13 contested cases का निस्तारण किया गया है जो कि (संलग्न प्रारूप Ist–B में पूर्व से दर्शित भी है) जिसका विवरण निम्न प्रकार हैः–

* 01 (एक) मूल वाद अन्तर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम contested decided (वर्ष 2012 का)

* 08 (आठ) परिवाद वाद अन्तर्गत धारा 125 सी0आर0पी0सी0 contested decided (01 वाद वर्ष 2015 का, 02 वाद वर्ष 2016 के, 01 वाद वर्ष 2017 का, 03 वाद वर्ष 2018 के, 01 वाद वर्ष 2019 का कुल 08 वाद)

* 01 (एक) प्रकीर्ण वाद एम0ए0सी0टी0 वर्ष 2019 का,
* 01 (एक) सिविल अपील contested case वर्ष 2018 की,
* 01 (एक) सत्र परीक्षण contested case वर्ष 2018 का,
* 01 (एक) दाण्डिक निगरानी contested case वर्ष 2019 की,

इस प्रकार कुल 13 (तेरह) वाद पूर्ण परीक्षण पर प्रार्थिनी द्वारा उपरोक्त वर्ष में निस्तारित किये गये हैं।

माननीय महोदय से विनम्रतापूर्वक निवेदन है कि प्रार्थिनी की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि वर्ष 2019–2020 अंकित द्वारा माननीय जनपद न्यायाधीश महोदया एटा, के बाबत प्रार्थिनी का प्रत्यावेदन माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें।

सादर।

भवदीया,

दिनांक–27.07.2021

(श्रीमती पूर्णिमा पाठक)
अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं0 10,
सीतापुर।

संलग्नक–

पूर्व प्रेषित प्रारूप Ist–B

Digitally signed by Smt Poornima Pathak
Date: 2021.07.27 10:51:43 IST
Reason: Document Owner
Location: ADDL. District and Sessions Court Sitapur